भगीरथ पत्रिकाओं के प्रकाशन का उत्तरदायित्व प्रकाशन विभाग से ले लिया जाना

1525. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :**
श्री कैलाश पति मिश्र :

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अन्तर्गत प्रकाशित भगीरथ पत्रिकाओं के प्रकाशन का उत्तरदायित्व प्रकाशन विभाग से ले लिये जाने के क्या कारण हैं;

(ख) इस संबंध में निर्णय कब लिया गया था और ऐसा करने के क्या कारण हैं; और

(ग) भगीरथ पत्रिकाओं के प्रकाशन का उत्तरदायित्व प्रकाशन विभाग को सौंपने हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री वी. एन. गाडगिल) : (क) कुशल प्रबंध के हित में, 'भगीरथ' पत्रिका के प्रकाशन कार्य केन्द्रीय जल आयोग, जो हर हालत में इस पत्रिका के सम्पादकीय स्टाफ पर सीधा प्रशासनिक नियंत्रण रख रहा था, को हस्तांतरित कर दिया गया है ।

(ख) और (ग) निर्णय अगस्त, 1985 में लिया गया था ।

केन्द्रीय जल आयोग में रिक्त पदों का भरा जाना

1526. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव:**
श्री कैलाश पति मिश्र :

क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय जल आयोग के कार्यकलाप क्या हैं और आयोग के स्टाफ के लिए क्या प्रशासनिक व्यवस्था की गई है ;

(ख) आयोग में श्रेणी 1 के मंजूर किए गए कितने पद रिक्त पड़े हैं और ये पद कब से रिक्त पड़े हैं तथा इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) आयोग में इन पदों को भरने तथा समुचित प्रशासनिक व्यवस्था करने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

जल संसाधन मंत्री (श्री बी0 शंकरानन्द) : (क) से (ग) केन्द्रीय जल आयोग बृहद तथा मध्यम सिंचाई और बहुप्रयोजनीय परियोजनाओं की तकनीकी आर्थिक व्यवहार्यता के लिए उनका परीक्षण करता है तथा राज्य सरकारों को ऐसी तकनीकी सहायता प्रदान करता है जो उनके जल संसाधनों के विकास के लिए आवश्यक होती है । आयोग में विभिन्न पद सीधी भर्ती, विभागीय पदोन्नति तथा प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण द्वारा भरे जाते हैं। पदोन्नति सेवानिवृत्ति, संवर्ग बाह्य पदों पर अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, नए पदों के सृजन आदि के कारण पिछले 3-4 वर्षों के दौरान विभिन्न अवधि से श्रेणी-एक के 156 पद रिक्त पड़े हैं । रिक्त पदों को भर्ती नियमों के अनुसार भरने के लिए कार्रवाई पहले ही की जा चुकी है ।

Feeding of water to Sone Canals

1527. SHRI INDRADEEP SINHA : SHRI SURAJ PRASAD:

Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there is no reservoir specially meant to feed Sone canals and difficulty is being felt in supply of water to canals, especially in summer;

(b) whether it is a fact that the on-going Bansagar dam on the Sone river will partially solve the problem of water supply;

(c) whether it is also a fact that there is a proposal to supply the Ganga water to the Sone river by constructing a link canal near Mirzapur; and

(d) if so, what are the details thereof?